बजट घोषणा वर्ष 2016-2017

क्र.सं	घोषणा बिन्दु	घोषणा
1.	21.0.0	राज्य में प्रदूषण जाँच केन्द्रों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और एकरूपता लाने के उद्देश्य से एवं समस्त वाहनों की प्रदूषण जाँच सुनिश्चित करने के लिए, प्रदेश के समस्त प्रदूषण जाँच केन्द्रों को networking के माध्यम से निजी जन-सहभागिता के आधार पर जोड़ा जायेगा।
2.	22.0.0	नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के परिवहन कार्यालयों के कम्प्यूटरीकरण के साथ-साथ hardware, connectivity, breath analyzer and CCTV कैमरा उपलब्ध कराने हेतु 27 करोड़ 58 लाख रुपये का प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है।
3.	23.0.0	जोधपुर में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय के नवीन भवन एवं कंप्यूटरीकृत ड्राईविंग ट्रेक का निर्माण 9 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से करवाया जायेगा।
4.	24.0.0	प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी बस ऑपरेटर्स के माध्यम से ग्रामीण परिवहन बस सेवा संचालित की जा रही है। निजी बस ऑपरेटर्स को होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति हेतु viability gap funding के रूप में 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है।
5.	25.0.0	राजस्थान पथ परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति को सुधारने हेतु वर्ष 2016-17 में Reform Linked Plan के तहत 120 करोड़ रुपये की अनुदान राशि।
6.	25.01.0	राजस्थान पथ परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति को सुधारने हेतु वर्ष 2016-17 में राजस्थान राज्य बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण को निगम की स्थानान्तरित की जाने वाली सम्पत्तियों के विरूद्ध 300 करोड़ रुपये की अंश पूंजी।
7.	25.02.0	राजस्थान पथ परिवहन निगम की वित्तीय स्थिति को सुधारने हेतु वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार द्वारा बस यात्राओं पर दी जा रही विभिन्न रियायतों के लिए 160 करोड़ रुपये का अनुदान।